Roll. No. ........................

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# B.A. (SEM.-VI) (NEP) (SUPPLE.)EXAMINATION, 2024-25

# HINDI

## ( Bhasha-Vigyan, Hindi Bhasha Tatha Devnagri Lipi )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 6 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| **A** |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. 'भाषा' शब्द किस धातु से निष्पन्न है?

(A) पठ्

(B) लिख्

(C) भाष्

(D) वाक्

2. सामाजिक जीवन में संचार का सर्वाधिक प्रमुख माध्यम क्या है?

(A) मौखिक भाषा

(B) सांकेतिक भाषा

(C) लिखित भाषा

(D) चित्रात्मक भाषा

3. "जिन ध्वनि चिह्नों द्वारा मनुष्य परस्पर विचार-विनिमय करता है, उन्हें भाषा कहते हैं।" उक्त परिभाषा किस विद्वान की है?

(A) सुकुमार सेन

(B) बाबूराम सक्सेना

(C) डॉ. भोलानाथ तिवारी

(D) आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा

4. निम्नलिखित में से भाषिक व्यवहार का ग्रहण किस रूप में किया जाता है?

(A) व्यक्तिगत सम्पत्ति

(B) सामाजिक सम्पत्ति

(C) ज्ञानात्मक सम्पत्ति

(D) भौतिक सम्पत्ति

5. हिंदी की वाक्य संरचना का व्याकरण के नियमानुसार संगत क्रम क्या है?

(A) कर्ता-कर्म-क्रिया

(B) क्रिया-कर्ता-कर्म

(C) कर्म-कर्ता-क्रिया

(D) इनमें से कोई नहीं

6. किसी भी मानव भाषा की बोधगम्यता कहाँ तक होती है?

(A) सभी मानवों के बीच

(B) मानवेतर प्राणियों के बीच

(C) विशेष भाषा-भाषियों के बीच

(D) सभी जीव-जंतुओं के बीच

7. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है?

(A) वर्ण

(B) शब्द

(C) वाक्य

(D) अनुच्छेद

8. भाषा की सबसे बड़ी इकाई किसे माना जाता है?

(A) शब्द

(B) वाक्य

(C) वर्ण

(D) ध्वनि

9. व्यक्ति को अपनी मूल भाषा से अलग भाषा को जानने के लिए किस माध्यम की आवश्यकता होती है?

(A) मुहावरों का ज्ञान

(B) शब्द संरचना का ज्ञान

(C) अनुवाद

(D) उपर्युक्त सभी

10. जो ध्वनियाँ मुख से बिना किसी अवरोध के निकलती हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

(A) व्यंजन

(B) स्वर

(C) अयोगवाह

(D) अंतःस्थ

11. अंग्रेजी के 'लिंग्विस्टिक' शब्द के अर्थ में हिंदी में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(A) व्याकरणशास्त्र

(B) शब्दशास्त्र

(C) काव्यशास्त्र

(D) भाषा-विज्ञान

12. भाषा में व्याकरण की आवश्यकता क्यों होती है?

(A) नियमों के ज्ञान हेतु

(B) भाषा-भाषियों के व्यवहार को समझने हेतु

(C) क्षेत्र के भौगोलिक अध्ययन हेतु

(D) उपर्युक्त सभी

13. मातृभाषा से इतर भाषा सीखने हेतु किसके ज्ञान की आवश्यकता होती है?

(A) शब्दकोष की

(B) वाक्य संरचना की

(C) व्याकरणिक नियमों की

(D) उपर्युक्त सभी

14. निम्नलिखित में से द्रविड़ परिवार की भाषा कौन-सी है?

(A) तमिल

(B) तेलगू

(C) कन्नड़

(D) उपर्युक्त सभी

15. हिंदी भाषा में स्वरों की संख्या कितनी है?

(A) 9

(B) 10

(C) 11

(D) 12

16. निम्न में से किसका प्रयोग नवीन शब्द संरचना हेतु नहीं होता है?

(A) समास

(B) उपसर्ग

(C) प्रत्यय

(D) अनुस्वार

17. "राम विद्यालय नहीं जाता है।" यह वाक्य .. ....... प्रकार का है।

(A) सकारात्मक

(B) नकारात्मक

(C) प्रश्नवाचक

(D) संदेहवाचक वाक्य

18. निम्नलिखित में से किसे आधुनिक भारतीय आर्यभाषा के अंतर्गत नहीं रखेंगे?

(A) संस्कृत

(B) हिंदी

(C) बंगला

(D) मराठी

19. मानक या परिनिष्ठित भाषा किसे कहते हैं?

(A) शुद्ध व्याकरणसम्मत भाषा

(B) नियमविरुद्ध भाषा

(C) विदेशी भाषा

(D) पुरानी बोलियों को

20. निम्नलिखित में से गलत कथन की पहचान कीजिएः

(A) बोली का प्रयोग क्षेत्र भाषा से बड़ा होता है।

(B) बोली का प्रयोग क्षेत्र भाषा से छोटा होता है।

(C) बोली और भाषा के प्रयोग क्षेत्र की तुलना नहीं की जा सकती है।

(D) इनमें से कोई नहीं

21. भारतीय आर्यभाषा का विकासक्रम कौन-सा नहीं है?

(A) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा

(B) मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा

(C) आधुनिक भारतीय आर्यभाषा

(D) नूतन भारतीय आर्यभाषा

22. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा में किसे सम्मिलित नहीं किया जाता है?

(A) पालि

(B) संस्कृत

(C) प्राकृत

(D) अपभ्रंश

23. शूरसेन (मथुरा) जनपद में प्रयुक्त बोली का विकास किस प्राकृत से हुआ है?

(A) शौरसेनी प्राकृत

(B) महाराष्ट्री प्राकृत

(C) अर्द्धमागधी प्राकृत

(D) पैशाची प्राकृत

24. वैयाकरणों ने अपभ्रंश के भेदों में किस-किसको रखा है?

(A) नागर

(B) उपनागर

(C) ब्राचड़

(D) उपर्युक्त सभी

25. निम्नलिखित में से किस नाम का प्रयोग अपभ्रंश के लिए नहीं होता है?

(A) अवहंस

(B) अवहट्ठ

(C) अवहत्थ

(D) उपर्युक्त सभी

26. मागधी प्राकृत का व्यवहार किस राज्य में होता है?

(A) बिहार

(B) महाराष्ट्र

(C) हरियाणा

(D) पंजाब

27. निम्नलिखित में से किस भाषा की प्रधान विशेषता वियोगात्मकता है?

(A) संस्कृत

(B) अपभ्रंश

(C) प्राकृत

(D) पालि

28. निम्नलिखित में से सबसे पुरानी भाषा कौन-सी है?

(A) लौकिक संस्कृत

(B) वैदिक संस्कृत

(C) अपभ्रंश

(D) पालि

29. निम्नलिखित में से किस भाषा में वेदों की रचना हुई है?

(A) पालि

(B) प्राकृत

(C) अवहट्ठ

(D) वैदिक संस्कृत

30. 'शब्दानुशासन' नामक प्राचीन व्याकरण ग्रन्थ के रचयिता का नाम बताइए:

(A) मुनि जिनविजय

(B) हेमचंद्र

(C) राजशेखर

(D) पाणिनि

31. वर्तमान में हिंदी भाषी राज्यों की संख्या कितनी है?

(A) 2

(B) 3

(C) 10

(D) 28

32. निम्नलिखित में से कौन-सी हिंदी की उपभाषा नहीं है?

(A) शौरसेनी

(B) अवहट्ठ

(C) अर्द्धमागधी

(D) उपनागर

33. हिंदी की किस उपभाषा से खड़ीबोली का विकास हुआ है?

(A) मागधी

(B) अर्द्धमागधी

(C) शौरसेनी

(D) खस

34. निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्थानी हिंदी की बोली नहीं है?

(A) मारवाड़ी

(B) मेवाड़ी

(C) मालवी

(D) बुंदेली

35. श्रीरामचरितमानस की रचना अर्द्धमागधी अपभ्रंश की किस बोली में हुई है?

(A) अवधी

(B) बघेली

(C) छत्तीसगढ़ी

(D) भोजपुरी

36. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा का कालक्रम माना जाता है:-

(A) 1500-500 ई.पू.

(B) 1500-1000 ई.पू.

(C) 1500-2000 ई.

(D) इनमें से कोई नहीं

37. निम्नलिखित में से किन ध्वनियों का उच्चारण स्थान कंठ्य है?

(A) च,छ,ज,झ

(B) ट,ठ,ड,ढ

(C) प,फ,ब,भ

(D) क,ख,ग,घ

38. निम्नलिखित में से किस शब्द के लेखन में अनुनासिक का प्रयोग नहीं है?

(A) कंकड़

(B) आँख

(C) अंतः

(D) धर्म

39. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अकारांत है?

(A) बालिका

(B) नदी

(C) राम

(D) भानु

40. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द ईकारांत नहीं है?

(A) तटिनी

(B) नदी

(C) अटवी

(D) बालक

41. निम्नलिखित में से तालव्य व्यंजन कौन-सा है?

(A) श

(B) स

(C) ष

(D) ह

42. वैदिककालीन संस्कृत का प्रयोग क्षेत्र माना जाता है:

(A) सुदूर दक्षिण

(B) पूर्वोत्तर भारत

(C) पश्चिमोत्तर भारत

(D) उड़ीसा का समुद्रतटीय भाग

43. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक नहीं है?

(A) कर्ता

(B) कर्म

(C) क्रिया

(D) अव्यय

44. निम्नलिखित में से संस्कृत भाषा का भाषावैज्ञानिक रूप कौन-सा नहीं है?

(A) वैदिक संस्कृत

(B) लौकिक संस्कृत

(C) धार्मिक संस्कृत

(D) इनमें से कोई नहीं

45. शब्द रचना में उपसर्ग का प्रयोग कहाँ किया जाता है?

(A) मूल शब्द के आगे

(B) मूल शब्द के पीछे

(C) शब्द के बीच में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. पालि भाषा का सम्बन्ध किस धर्म से स्थापित किया जाता है?

(A) जैन धर्म

(B) बौद्ध धर्म

(C) हिंदू धर्म

(D) इनमें से कोई नहीं

47. सुकुमार<सुखुमाल, परशु<फरसु में 'क' का 'ख' में, और प का फ में परिवर्तन क्या कहलाता है?

(A) अल्पप्राणीकरण

(B) महाप्राणीकरण

(C) दीर्घीकरण

(D) ह्रस्वीकरण

48. कार्य<कय्य, जीर्ण<जिण्ण, मार्ग<मग्ग इत्यादि शब्दों में परिवर्तन की प्रवृत्ति को क्या कहा जाता है?

(A) एकीकरण

(B) द्वित्वीकरण

(C) सरलीकरण

(D) विकार

49. ‘क’ वर्ग के अंतर्गत किन वर्णों को रखा जाता है?

(A) प,फ,ब,भ

(B) य,र,ल,व

(C) क,ख,ग,घ

(D) त,थ,द,ध

50. क्ष,त्र,ज्ञ,श्र इन चारों व्यंजनों को संयुक्त रूप से क्या नाम दिया जाता है?

(A) संयुक्त व्यंजन

(B) अयोगवाह

(C) द्विगुण

(D) अनुस्वार

51. निम्नलिखित में से किस राज्य की प्राथमिक भाषा हिंदी नहीं है?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) उत्तराखंड

(C) बिहार

(D) उड़ीसा

52. छायावादयुगीन कविता की रचना किस भाषा में हुई है?

(A) खड़ी बोली

(B) ब्रज

(C) अवधी

(D) भोजपुरी

53. ‘‘गुप्तकालीन भारत धनधान्य से समृद्ध था।’’ यह वाक्य किस काल में प्रयुक्त है?

(A) वर्तमानकाल

(B) भूतकाल

(C) भविषयत्काल

(D) इनमें से कोई नहीं

54. ‘‘अन्य ग्रहों पर 100 वर्षों बाद मानव बस्ती बस जाएगी।’’ यह वाक्य किस काल में प्रयुक्त है?

(A) भविष्यत्काल

(B) वर्तमानकाल

(C) भूतकाल

(D) इनमें से कोई नहीं

55. ‘‘मोहन बाग में फल तोड़ रहा है।’’ इस वाक्य में कर्ता पद कौन-सा है?

(A) बाग

(B) मोहन

(C) आम

(D) तोड़

56. ‘‘राघव समाचार-पत्र पढ़ रहा है।’’ इस वाक्य में कर्मकारक का प्रयोग किस पद में है?

(A) राघव

(B) रहा है

(C) समाचार-पत्र

(D) पढ़

57. “मथुरा में ऊँचे भवन दिखाई पड़ते हैं।” इस वाक्य में विशेषण-विशेष्य का सही युग्म है:

(A) मथुरा में

(B) ऊँचे भवन

(C) दिखाई पड़ना

(D) उपर्युक्त सभी

58. अहै, अहइ, अही इत्यादि वर्तमानकालिक सहायक क्रिया का प्रयोग किस बोली में किया जाता है?

(A) ब्रज

(B) खड़ी बोली

(C) अवधी

(D) कन्नौजी

59. हिंदी में कुल कितने वचन प्रयुक्त होते हैं?

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

60. हिंदी में शब्दों का प्रयोग कुल कितने लिंग में होता है?

(A) 2

(B) 3

(C) 1

(D) 6

61. किस कारक में ‘का, के की,’ परसर्ग का प्रयोग होता है?

(A) सम्प्रदान

(B) अपादान

(C) सम्बन्ध

(D) सम्बोधन

62. निम्नलिखित भाषिक विशेषताओं में से कौन-सी हिंदुस्तानी भाषा की है?

(A) ब्रज-अवधी बहुल

(B) संस्कृत बहुल

(C) ग्राम्य शब्दावली बहुल

(D) हिंदी-उर्दू मिश्रित

63. एक ही भाषा की दो बोलियों में परस्पर बोधगम्यता का स्तर क्या होता है?

(A) पूर्ण बोधगम्य

(B) आंशिक बोधगम्य

(C) अबोधगम्य

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. ध्वनियों के लेखन हेतु प्रयुक्त चिह्नों को क्या कहते हैं?

(A) लिपि

(B) चिह्न

(C) बिंब

(D) प्रतीक

65. निम्नलिखित में से किस लिपि का प्रयोग प्राचीन भारत में नहीं होता था?

(A) ब्राह्मी

(B) खरोष्ठी

(C) गुप्त लिपि

(D) रोमन

66. निम्नलिखित में से कौन-सी लिपि हिंदी भाषा में प्रयुक्त होती है?

(A) देवनागरी

(B) सिद्ध लिपि

(C) पल्लव लिपि

(D) कुटिल लिपि

67. निम्नलिखित में से मानक लिपि की विशेषता क्या मानी जाती है?

(A) प्रत्येक ध्वनि का एक चिह्न

(B) स्पष्टता

(C) कम्प्यूटर में प्रयोग हेतु सक्षम

(D) उपर्युक्त सभी

68. निम्नलिखित में से कौन-सी एक विशेषता देवनागरी लिपि की नहीं है?

(A) प्रत्येक स्वर व व्यंजन के लिए पृथक चिह्न

(B) वर्णों के ऊपर शिरोरेखा

(C) संयुक्त व्यंजन का भी स्पष्ट उच्चारण

(D) लेखन में स्वर के लिए पृथक मात्रा का प्रयोग न होना

69. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन महाप्राण है?

(A) ख

(B) ग

(C) च

(D) प

70. निम्नलिखित में से किस भाषा हेतु देवनागरी लिपि का प्रयोग होता है?

(A) नेपाली

(B) मराठी

(C) बंगला

(D) उपर्युक्त सभी

71. देवनागरी लिपि में 'अ' की बारहखड़ी को प्रयुक्त करने का सुझाव किसने दिया था?

(A) महात्मा गाँधी

(B) बिनोवा भावे

(C) काका कालेलकर

(D) लोकमान्य तिलक

72. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असंगत है?

(A) देवनागरी लिपि का नामकरण गुजराती नागर ब्राह्मणों के कारण पड़ा।

(B) देवनागरी लिपि तांत्रिक चिह्नों से सम्बन्धित है।

(C) देवनागरी लिपि का विकास ब्राह्मी की उत्तरी शाखा से हुआ है।

(D) देवनागरी लिपि मूलतः कश्मीर से जुड़ी है।

73. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी का शब्द बताइए:

(A) इकत्तीस

(B) उनचास

(C) सत्रह

(D) छह

74. निम्नलिखित ध्वनियों के किस वर्ग के साथ नुक्ते का प्रयोग किया गया है?

(A) अं,अः

(B) शँ,सं

(C) ज़,फ़

(D) च्,ज्

75. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राजभाषा का प्रावधान है?

(A) 343

(B) 344

(C) 345

(D) 351

76. निम्नलिखित में से किन गुणों को राजभाषा के लिए अनिवार्य माना गया है?

(A) वह बहुसंख्यक जनता की व्यावहारिक बोली हो।

(B) वह समृद्ध राष्ट्रीय-सांस्कृतिक विरासत धारण करती हो।

(C) वह जीवंत, संजीव तथा विकासोन्मुखी हो।

(D) उपर्युक्त सभी

77. संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा बनाने का निर्णय कब लिया?

(A) 26 जनवरी, 1951

(B) 10 जनवरी, 1951

(C) 14 सितम्बर, 1949

(D) 15 अगस्त, 1947

78. हिंदी के राजभाषा के रूप में क्रियान्वयन के संदर्भ में प्रारंभ में राष्ट्रपति द्वारा अंग्रेजी में सरकारी कामकाज की अनुमति कितने वर्षों के लिए प्रदान की गई?

(A) 12

(B) 9

(C) 15

(D) 20

79. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भाषाओं की वर्तमान संख्या कितनी है?

(A) 22

(B) 20

(C) 25

(D) 18

80. राजभाषा आयोग-1955 का अध्यक्ष कौन था?

(A) बालगंगाधर खरे

(B) काका कालेककर

(C) पुरुषोत्तमदास टंडन

(D) श्यामसुंदर दास

81. किसी भी राष्ट्र द्वारा सरकारी कामकाज के लिए प्रयुक्त भाषा क्या कहलाती है?
   (A) मातृभाषा
   (B) संपर्क भाषा
   (C) राजभाषा
   (D) राष्ट्रभाषा

82. किसी भी राष्ट्र के बहुसंख्यक वर्ग द्वारा बोली जाने वाली भाषा क्या कहलाती है?
   (A) मातृभाषा
   (B) कार्यालयीन भाषा
   (C) कामकाजी भाषा
   (D) राष्ट्रभाषा

83. मथुरा, आगरा, अलीगढ़ इत्यादि जिलों में किस बोली का प्रयोग होता है?
   (A) ब्रज
   (B) कन्नौजी
   (C) बुंदेली
   (D) बांगरू

84. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली बिहारी हिंदी की नहीं है?
   (A) भोजपुरी
   (B) मैथिली
   (C) मगही
   (D) कुमायुँनी

85. "वह मैदान में क्रिकेट खेलता है।" इस वाक्य में प्रयुक्त क्रियापद की मूल धातु क्या है?
   (A) खेल
   (B) खेलता
   (C) खेलना
   (D) खेलते

86. निम्नलिखित भाषाओं में से कौन-सी भाषा भारतीय भाषा नहीं है?
   (A) बोडो
   (B) कोंकणी
   (C) मैथिली
   (D) सिंहली

87. निम्नलिखित में से अंगूठा शब्द किस वर्ग में आता है?
   (A) तत्सम (B) तद्भव
   (C) देशज (D) विदेशी

88. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द देशज शब्दों की श्रेणी में रखा जा सकता है?
   (A) पेड़
   (B) गोड़
   (C) खिचड़ी
   (D) उपर्युक्त सभी

89. निम्नलिखित में से किस स्थान पर दक्खिनी हिंदी का प्रयोग होता है?
   (A) हैदराबाद
   (B) भुवनेश्वर
   (C) गुवाहाटी
   (D) दार्जिलिंग

90. 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना कहाँ हुई थी?
   (A) काशी
   (B) वर्धा
   (C) प्रयाग
   (D) उज्जैन

91. 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' की स्थापना कहाँ पर हुई थी?

(A) नई दिल्ली

(B) नागपुर

(C) प्रयाग

(D) कलकत्ता

92. अमीर खुसरो का संदर्भ हिंदी के किस रूप से जुड़ा हुआ है?

(A) बांग्ला काव्य

(B) खड़ी बोली काव्य

(C) अवधी काव्य

(D) इनमें से कोई नहीं

93. भाषा के किस रूप में विराम-चिह्नों का प्रयोग किया जाता है?

(A) मौखिक भाषा

(B) लिखित भाषा

(C) सांकेतिक भाषा

(D) मूक भाषा

94. भाषा के ऐतिहासिक विकासक्रम का विवेचन किस श्रेणी में किया जाता है?

(A) वर्णनात्मक भाषा-विज्ञान

(B) तुलनात्मक भाषा-विज्ञान

(C) ऐतिहासिक भाषा-विज्ञान

(D) समाज भाषा-विज्ञान

95. निम्नलिखित में से किस पद का प्रयोग भाषा-विज्ञान के लिए किया जा सकता है?

(A) भाषाशास्त्र

(B) भाषिकी

(C) भाषालोचन

(D) उपर्युक्त सभी

96. निम्नलिखित में से किस कारक में 'ने' कारक चिह्न का प्रयोग होता है?

(A) कर्ता कारक

(B) कर्म कारक

(C) करण कारक

(D) सम्प्रदान कारक

97. निम्नलिखित में से 'बात कहने वाले' को सर्वनाम का कौन-सा भेद माना जाता है?

(A) प्रथम पुरुष

(B) मध्यम पुरुष

(C) उत्तम पुरुष

(D) इनमें से कोई नहीं

98. निम्नलिखित में से किस विद्वान का नाम भारतीय भाषा विज्ञानवेत्ता के रूप में नहीं लिया जाता है?

(A) डॉ. भोलानाथ तिवारी

(B) डॉ. बाबूराम सक्सेना

(C) हरदेव बाहरी

(D) प्रताप नारायण मिश्र

99. निम्नलिखित में से 'हाथ' का तत्सम रूप क्या है?

(A) हस्ति (B) हस्त

(C) कर (D) भुजा

100. निम्नलिखित में से किस शब्द की रचना 'अनु' उपसर्ग से हुई है?

(A) अन्याय

(B) अनकहा

(C) अनुगमन

(D) अनिवार्य

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**